तापमान

अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 27 नवंबर 2024



11 नई पीढ़ी को बेहतर दिशा देने में शिक्षकों की है अहम भूमिका ...





12 खईया में लगी आग अब तक नहीं बुझी






## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन आवेदन के लिए शिविर प्रारंभ

**धमतरी।** श्रम विभाग द्वारा स्वच्छता दीदियों का श्रम पंजीयन एवं सेफ्टी किट के साथ ही श्रमिकों के पंजीयन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के संबंध में संबंधित प्रथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 26 नवम्बर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आमदी, अकलाडोंगरी, भटगांव, 27 को सीएचसी कुरूद, भखारा, पीएचसी चटौद, कोर्रा, 28 को पीएचसी हसदा, करेली बड़ी, मेघा और 29 नवम्बर को पीएचसी बेलरगांव, गट्टासिल्ली, सांकरा और पीएचसी सिहावा में शिविर लगाया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने इसके लिए अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

### जिले में अब तक 184.58 करोड़ की धान खरीदी

**धमतरी।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले में 74 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के कुल 100 धान उपार्जन केन्द्रों के जरिए अब तक 1 लाख 28 हजार 364 पंजीकृत किसानों में से 18 हजार 578 किसानों से कुल 80,024.40 मीट्रिक टन धान की खरीदी गई, जिका मूल्य 184.58 करोड़ है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि संबंधित किसानों को राशि का भुगतान प्रतिदिन लगातार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सुव्यवस्थित रूप से की जा रही है। 27 नवम्बर को 3 हजार 250 किसानों का टोकन 1 लाख 43 हजार 574 क्विंटल धान खरीदी के लिए जारी किया गया है।

■ किसानों को राशि का किया जा रहा लगातार भुगतान

डेढ़ लाख छात्रों की बननी है आईडी, बनी मात्र 36 हजार की

# सर्वर दे रहा दगा, इसलिए अपार आईडी में विलंब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सर्वर समस्या के कारण छात्रों की अपार आईडी बनाने का काम सुस्त रफ्तार से चल रह है। 15 दिसंबर तक सभी छात्रों की अपार आईडी बनाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन इतने कम समय मे सभी छात्रों की आईडी जनरेट करना संभव नहीं है।

शाला त्यागी छात्रों की संख्या कम करने के उद्देश्य से सभी स्कूली छात्रों की अपार आईडी (आटोमेटिक परमानेंट अकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) बनाई जा रही है। यह आईडी पहली कक्षा से 12 वीं कक्षा तक के सभी छात्रों की बनाई जा रही है। जानकारी के अनुसार जिले में 1 लाख 50 हजार से ज्यादा स्कूली छात्र है, जिनकी अपार आईडी बनाई जानी है। काम शुरू किए करीब दो माह हो चुके हैं लेकिन अब तक 36 हजार छात्रों की ही आईडी बन पाई है। सभी छात्रों की अपार आईडी बनाने के लिए एक माह भी शेष नहीं है। उधर 1 लाख 14 हजार छात्रों की आईडी नहीं बन पाई है। एक माह से कम समय में इतनी बड़ी संख्या में छात्रों की अपार आईडी बनाना काफी मुश्किल है। यही नहीं दिसंबर माह में अर्धवार्षिक परीक्षा भी होनी है। ऐसे में अपार आईडी बनाने का काम प्रभावित हो सकता है।

### छात्रों के लिए काम की है आईडी

अपार आईडी छात्रों की एक यूनिक आईडी है। इस आईडी से छात्रों का ट्रेस करना आसान हो जाएगा। वे पढ़ाई कर रहे है या नहीं। यदि पढ़ाई कर रहे हैं तो किस स्कूल में, इससे ट्रेस किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त छात्रों को इस आईडी के माध्यम से कई प्रकार की सुविधाएं दी जाएंगी। यह वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी के तौर पर काम करेगी। यानी पूरे देश में हर छात्र का एक अलग अकाउंट नम्बर होगा, जो उसकी पहचान होगी। इसे यू डाइस के जरिए बनाया जाएगा। इसके लिए छात्र का आधार नम्बर होना जरूरी है। इसके साथ ही इस आइडी को डिजी लॉकर से जोड़ा जाएगा जिसके माध्यम से वे अपने प्रमाण- पत्रों को डिजिटल रूप से कहीं पर भी देख सकते हैं या उपयोग कर सकते हैं।



### सर्वर की समस्या

अपार आईडी बनाने में सबसे बड़ी समस्या सर्वर की है। एक साथ सभी जगह काम चलने से सर्वर काफी धीमा चल रहा है। इसके अतिरिक्त कई प्रकार की दिक्कतें आ रही हैं। जानकारी के अनुसार अपार आईडी के लिए आधार नंबर, दाखिला खारिज, जन्म प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ती है। कई छात्रों के नाम इन प्रमाण पत्रों से मैच नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते भी आईडी बनाने में समस्या आ रही है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए हर ब्लाक में खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय में समस्याओं का निराकरण के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।

### तकनीकी समस्या को दूर किया जायेगा

अपार आईडी बनाने में आ रही तकनीकी समस्या को दूर करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 15 दिसंबर तक सभी डेढ़ लाख छात्रों की अपार आईडी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अभी भी अपार आईडी बनाने का काम चल रहा है।

- टीआर जगदल्ले,
*जिला शिक्षाधिकारी*

# बी फार्मेसी की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

परीक्षा में कम अंक पाने से दुखी बी फार्मेसी की छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय बनियापारा निवासी मेहक तिवारी पिता रमाकांत उम्र 18 वर्ष बी फार्मेसी के प्रथम वर्ष की छात्रा थी। बीते दिनों हुई परीक्षा में अपेक्षानुसार कम अंक मिलने से छात्रा कुछ दिनों से परेशान थी। सोमवार को रात को छात्रा खाना खाने के बाद अपने स्टडी रूम में 1 बजे तक पढ़ाई कर रही थी। परिजन खाना खाकर सो गए। मंगलवार की सुबह पिता जब छात्रा को जगाने के लिए गए तो स्टडी रूम का दरवाजा खुला हुआ था। भीतर जाने पर छात्रा को सिलिंग हुक में फांसी पर लटका पाया। छात्रा को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इस दौरान घटना की सूचना पर पहुंचे आसपास के लोगों ने छात्रा के मृत होने की बात कही। इसके बाद पिता ने कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

■ बनियापारा की घटना



जांच अधिकारी एएसआई संतोषी नेताम ने बताया कि बनियापारा निवासी महेक तिवारी बी फार्मेसी प्रथम ईयर की पढ़ाई कर रही थी। कम अंक पाने के कारण कुछ दिनों से परेशान थी। दुखी होकर छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

12 वाहन चालकों पर 76 हजार का जुर्माना लगाया गया

# बुलेट के 60 से अधिक मॉडिफाइड सायलेंसर पर चला रोलर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

यातायात पुलिस ने चेकिंग के दौरान जब्त किए गए बुलेट वाहनों के 60 से अधिक मॉडिफाइड सायलेंसर पर बुलडोजर चलवाकर डिस्मेंटल कर दिया है। वहीं 12 वाहन चालकों को न्यायालय ने 76 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा व स्टाफ द्वारा समय-समय पर मॉडिफाइड सायलेंसर लगे विशेषकर बुलेट वाहनों को चेक किया जाता रहा है। बुलेट वाहन के चालक मॉडिफाइड सायलेंसर लगाकर पटाखे जैसी आवाज निकालकर ध्वनि प्रदूषण फैलाते हैं। अभियान चलाकर यातायात पुलिस ने 500 से अधिक बुलेट वाहनों की चेकिंग की है, जिसमें 60 बुलेट में मॉडिफाइड सायलेंसर पाया गया। मौके पर ही बुलेट से सायलेंसर निकालकर जब्ती की कार्रवाई की गई। चालकों को दोबारा मॉडिफाइड सायलेंसर नहीं लगाने की समझाइश दी गई। 20 बुलेट चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। वहीं 12 वाहन चालकों का प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा वाहन चालकों को 76 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। बुलेट वाहनों में लगे मॉडिफाइड सायलेंसर के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत जब्त सायलेंसर पर रोड रोलर (बुलडोजर) चलाकर नष्टीकरण किया गया है। यातायात पुलिस ने बुलेट वाहन चालकों को कंपनी के ही सायलेंसर लगाकर चलाने निर्देशित किया है।



# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चारामा की तरफ से लौट रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दूसरे को मामूली चोट आई है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय मकेश्वर वार्ड निवासी नरेंद्र साहू पिता हेमंत उम्र 30 वर्ष व ग्राम पोटियाडीह थाना अर्जुनी निवासी नरेंद्र ढीमर पिता रामभरोसा उम्र 25 वर्ष के साथ सोमवार की रात्रि बाइक से चारामा की तरफ से नेशनल हाईवे से होते हुए वापस धमतरी लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम बालोदगहन के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को ठोकर मार दी। इस घटना में गंभीर चोट लगने से नरेंद्र साहू की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक नरेंद्र ढीमर को मामूली चोट लगी है। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुरूर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को गुरूर अस्पताल भेजा। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

■ ग्राम बालोदगहन के पास हुआ हादसा


मृतक नरेन्द्र

### वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

पुरूर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने बताया कि सोमवार की रात्रि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार एक युवक नरेंद्र साहू की मौके पर मौत हो गई है। फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# घर टूटा, पीड़िता ने दी आत्मदाह की चेतावनी

## कलेक्टर से की शिकायत, नपं पर एकपक्षीय कार्रवाई का लगाया आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

घर टूटने से आहत महिला ने आत्मदाह की चेतावनी दी है। उसने बताया कि बिना नोटिस के उसके मकान को तोड़ दिया गया। घर से जरूरी सामान निकालने की मोहलत भी नहीं दी गई। इस कड़कड़ाती ठंड में वह परिवार सहित खुले आसमान के नीचे आ गई है।

मंगलवार को डीहीपारा नगरी निवासी धनेश्वरी पति लालाराम साहू कलेक्टोरेट पहुंची। कलेक्टर से शिकायत करते हुए उसने बताया कि वह डीहीपारा में नगर पंचायत की जमीन पर घर बनाकर रहती है। इस जमीन पर उसका पिछले 22 साल से कब्जा है। आसपास रहने वाले सभी लोग इसी प्रकार नगर पंचायत की जमीन पर घर बनाकर रह रहे हैं। पट्टा किसी के पास नहीं है। उसने बताया कि उसका घर रोड किनारे था, जिसकी जमीन पर भू माफियाओं की नजर है। भू-माफियाओं के इशारे पर उसके मकान को बिना किसी पूर्व सूचना के तोड़ दिया गया। आसपास किसी के मकान को हाथ नहीं लगाया गया है। उसने बताया कि पति रोजी मजदूरी का काम करते हैं। दो बच्चों और पति के साथ वह इसी मकान में रहती थी। मकान टूटने से पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है।

उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि नगर पंचायत द्वारा एकपक्षीय कार्रवाई की गई है। उसकी एक बात नहीं सुनी गई। उसने चेतावनी दी है कि 2-3 दिन भीतर उसे न्याय नहीं मिलता है तो वह कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने आत्मदाह कर लेगी।

# उड़नदस्ता दल ने फिर 127 कट्टा धान पकड़ा

■ जिले में अब तक 2372 क्विंटल से अधिक अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले में अवैध धान भण्डारण और परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए राजस्व, कृषि, खाद्य, सहकारिता विभाग और कृषि उपज मंडी के अधिकारियों का उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि 14 नवम्बर से अब तक दल द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए 33 प्रकरण दल कर कुल 2372 क्विंटल और 80 किलोग्राम अवैध धान जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा मेहर प्रोव्हिजन स्टोर ग्राम मुजगहन, हेमबाई किराना स्टोर खरतुली एवं बॉबी किराना स्टोर छाती के प्रतिष्ठान में जांच की गई। जांच में मेहर प्रोव्हिजन स्टोर ग्राम मुजगहन में 75 कट्टा (30 क्विंटल), हेमबाई किराना स्टोर मुजगहन में 20 कट्टा (8 क्विंटल) तथा बॉबी किराना स्टोर ग्राम छाती में 32 कट्टा (12.80 क्विंटल) अवैध धान का भंडारण पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कुल 127 कट्टा (50.80 क्विंटल) अवैध धान जब्त किया गया है।



साल दर साल बजट में कटौती, कर्मचारियों का पेमेंट भी अटका

# मनरेगा का बजट खत्म, बड़े कार्यों पर ब्रेक

### मनरेगा की स्थिति

| | वर्ष | मानव दिवस |
|---|---|---|
| ■ | 2020-21 | 85 लाख |
| ■ | 2021-22 | 60.81 लाख |
| ■ | 2022-23 | 48.48 लाख |
| ■ | 2023-24 | 40.16 लाख |
| ■ | 2024-25 | 32.36 लाख |

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बजट में कटौती के कारण इस साल मनरेगा की स्थिति काफी खराब है। सिर्फ पीएम आवास जैसे छोटे- छोटे काम चल रहे हैं। बड़े बजट वाले कार्यों को रोक दिया गया है। यही नहीं मनरेगा के कर्मचारियों को वेतन भी नहीं मिला है। बजट के लिए शासन को पत्र लिखा गया है लेकिन अब तक बजट में बढ़ोतरी नहीं हुई है।

मनरेगा की स्थिति साल दर साल खराब होती जा रही है। इसका मुख्य कारण बजट में कटौती है। हर साल शासन से इस योजना के तहत 60 लाख मानव दिवस का लक्ष्य दिया जाता था। कोरोना संकट के दौर में बजट में बढ़ोतरी की गई थी। वर्ष 2020-21 में तो भरपूर बजट दिया गया था। कोरोना संकट के बीच लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से 85 लाख मानव दिवस का बजट का लक्ष्य दिया गया था। इसके बाद से साल दर साल बजट में कटौती की जा रही है। इस साल तो मात्र 32 लाख 36 हजार मानव दिवस का लक्ष्य दिया गया है। उम्मीद की जा रही थी कि इस बजट में बढ़ोतरी की जाएगी। जिला पंचायत द्वारा इसके लिए प्रस्ताव भी भेजा गया है लेकिन अब तक बजट में बढ़ोतरी नहीं हुई है।


फाइल फोटो

### 32 लाख 28 हजार मानव दिवस का कार्य पूर्ण

मनरेगा का 99 प्रतिशत से ज्यादा बजट खत्म हो चुका है। 32 लाख 36 हजार मानव दिवस के लक्ष्य में से 32 लाख 28 हजार मानव दिवस का काम हो चुका है। बजट नहीं होने के कारण तालाब, मिट्टी सड़क, नाली निर्माण, पौधरोपण जैसे कार्यों को रोक दिया गया है। 4 हजार 646 पीएम आवास का काम चल रहा है। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी निर्माण, सालिड-लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट काम काम चल रहा है।

### कर्मचारियों को वेतन के लाले

मनरेगा में बजट की कमी का असर कर्मचारियों के वेतन पर भी पड़ रहा है। मनरेगा का पूरा स्टाफ संविदा पर है। इन कर्मचारियों को मनरेगा के बजट से ही वेतन मिलता है। जानकारी के अनुसार मनरेगा में होने वाले खर्च का 5 प्रतिशत कर्मचारियों के वेतन के फंड में जाता है। बजट में कमी के चलते कर्मचारियों को वेतन भी नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार कर्मचारियों को सितंबर माह तक का वेतन दिया गया है। अक्टूबर माह का वेतन नहीं मिला है। अब तो नवंबर माह भी निकलने वाला है। राहत की बात है कि मजदूरों का पेमेंट आ रहा है।

आरोपी का निकाला जूलूस

# बस स्टैण्ड में चाकू लेकर घूम रहे आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धारदार चाकू लेकर बस स्टैण्ड में घूम रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

कोतवाली पुलिस मंगलवार को पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से धमतरी बस स्टैण्ड में एक युवक द्वारा धारदार चाकू लेकर घूमकर लोगों को भयभीत करने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल बस स्टैण्ड पहुंची। यहां एक युवक अपने हाथ में चाकू लेकर घूम रहा था, जिसे देखकर आने-जाने वाले भयभीत हो रहे थे। पुलिस ने तत्काल युवक को पकड़कर उसके कब्जे से धारदार चाकू जब्त किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम हेमन्त पाण्डेय पिता अशोक उम्र 25 वर्ष स्टेशनपारा धमतरी निवासी बताया। आरोपी का पुलिस ने जुलूस निकाल कर सिटी कोतवाली पहुंचाया। धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी हेमन्त पाण्डेय को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।




## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### छात्रों को बताया स्वच्छता का महत्व

■ रामपुर स्कूल में विश्व शौचालय दिवस एवं स्वच्छता कार्यक्रम हुआ

**बोरसी(धमतरी)**। शाउमावि रामपुर में विश्व शौचालय दिवस एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता प्रभारी लोकेश्वरी सोन एवं संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में हाथ धुलाई, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, रैली, स्वच्छता स्लोगन, ग्रीटिंग कार्ड, पोस्टर बैनर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें स्कूल के चारों हाउस के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आरके बघेल थे। उन्होंने छात्रों को स्वच्छता का महत्व बताया। मौके पर केआरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस. अग्रवाल, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एल. सोन, एम. ठाकुर समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### कम पानी और कम लागत में चटौद के किसान अर्जित कर रहे अधिक आमदनी

# नोमेन्द्र के गेंदा फूल की खुशबू पूरे प्रदेश में फैली

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



फूलों का नाम आते ही खुशबू का अहसास और मन प्रसन्न होने लगता है, लेकिन जब इन्हीं फूलों की खेती की कमाई से आर्थिक लाभ होने लगे तो चेहरे पर खुशियों की मुस्कान बिखर जाती है। शासन द्वारा खेती-किसानी को माटीपुत्रों के लिए लाभ का व्यावसाय बनाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं का लाभ लेकर प्रदेश के माटीपुत्र आर्थिक रूप से समृद्ध होने लगे हैं। गेंदे के फूलों की खेती करके इसे साबित किया है जिले के चटौद के किसान नोमेन्द्र कुमार साहू ने।

देश, प्रदेश सहित जिले में भी लगातार भूजल स्तर का नीचे जाना चिंता का विषय हो गया है। गर्मी में कभी रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध का पानी कम नहीं होता था, वह भी कम होने लगा। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर जिलेवासियों ने जल संरक्षण की दिशा में अनेक कदम उठाए। लोगों ने जहां बारिश के पानी को संरक्षित करने के लिए रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाए, वहीं किसानों ने भी बढ़-चढ़कर फसल चक्र अपनाने की दिशा में अपना कदम बढाया। ऐसे ही जागरूक और संवेदनशील किसान हैं कुरूद विकासखण्ड के ग्राम चटौद निवासी नोमेन्द्र कुमार साहू। नोमेन्द्र बताते हैं कि वे अपने खेतों में पानी कम लगने वाली फसल लगाने के बारे में सोचा और गेंदे के फूल की खेती करने की मन में ठानी। इसके लिए उद्यानिकी विभाग से सलाह ली। नोमेन्द्र द्वारा अपने खेत में गेंदा (किस्म कलकतिया) की खेती ड्रिप पद्धति से पिछले तीन साल से की जा रही है।

#### धान की खेती में लागत व पानी की खपत अधिक

वर्ष 2024-25 में नोमेन्द्र साहू को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत गेंदा फूल क्षेत्र विस्तार अंतर्गत 8 हजार रूपये की अनुदान राशि प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इसके पहले वे धान की खेती करते थे, जिसमें लागत और पानी की खपत अधिक थी। इसके बाद उन्होंने उद्यानिकी विभाग से सम्पर्क किया। उद्यानिकी विभाग से नोमेन्द्र को ड्रिप अनुदान के रूप में दिया गया। वे कहते हैं कि गेंदे की खेती ऐसी है, जिसमें खेती के दो माह बाद से ही आमदनी मिलनी शुरू हो जाती है।


#### एक सीजन में ढाई से तीन लाख तक की आमदनी

नोमेंद्र ने बताया कि एक एकड़ गेंदे की खेती में लागत 50 हजार रूपये तक आती है, जबकि एक सीजन में ढाई से तीन लाख रूपये तक का गेंदे के फूल बेच सकते हैं। एक एकड़ गेंदे के फूल की फसल में शुद्ध दो लाख रूपये तक की आमदनी हम प्राप्त कर सकते हैं। बाजार में फूलों की मांग काफी है। नोमेन्द्र के फूल न केवल धमतरी जिले में बल्कि अभनपुर, नवापारा, राजिम में भी बिक्री होने जाते हैं।

## राज्य सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी है : नेहरूराम

■ लालेश्वर सिन्हा बेलरदोना सोसाइटी के अध्यक्ष बनाये गये

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



प्राथमिक कृषि साख सहकारी मर्यादित समिति बेलरदोना के लालेश्वर सिन्हा अध्यक्ष बनाये गये। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद थे। अध्यक्षता नरेश सिन्हा भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद सदस्य भवानी यादव, जनपद सदस्य हिरामन ध्रुव, मंडल महामंत्री एवन साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्वशी साहू, पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष ओंकार कपूर, पार्षद नपं दुर्गा साहू, नंदनी सिन्हा, लोकेश साहू, शांति देवांगन, भानुप्रिया साहू थे।

मुख्य अतिथि नेहरू राम निषाद ने कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार हमेशा किसानों के साथ है। सरकार 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रही है। किसानों की सभी मांगों को पूरा कर रही है। केन्द्र में मोदी सरकार व राज्य सरकार किसानों कर आय दोगुना करने निरंतर प्रयास कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना बनाकर गांव व शहर में विकास कर रही है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की हितैषी है।

इस अवसर पर झनेश्वर साहू, मुरली सिन्हा, मिलन नेताम, जगदीश साहू, सुखदेव साहू, टोपसिंह साहू, समिति प्रबंधक द्वारका प्रसाद साहू, लिपिक जागेश्वर साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर सुरेश पारकर, बिहारीलाल निर्मलकर, दिनेश, हिना सिन्हा समेत अनेक कृषक उपस्थित थे।

## जनपद पंचायत नगरी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जनपद पंचायत नगरी के सभाकक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिए आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में करारोपण अधिकारी आनंदराम साहू सहित जनपद के अधिकारी कर्मचारी के साथ ही विकासखंड के पंचायत सचिव शामिल हुए।

## अंचल की खबरें

### नवागांव में राज्यस्तरीय खेल महोत्सव 14 से



**कुरुद**। ग्राम नवागांव (उमरदा) में 14 एवं 15 दिसंबर को राज्यस्तरीय व्हालीवाल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार व्हालीवाल में 15001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1000, तृतीय पुरस्कार 7001 एवं चतुर्थ पुरस्कार 5001 रुपये के साथ आकर्षक कप दिया जायेगा। बैडमिंटन डबल्स में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5001, तृतीय पुरस्कार 3001, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपये एवं आकर्षक कप दिया जायेगा। बैठक में कार्यक्रम संरक्षक टिकेश साहू सरपंच, ठाकुरराम साहू, मुकेश पवार, तरुण साहू, धनेंद्र साहू, संजय चंद्राकर, सोमन साहू, जवाहर दास, नवीन चंद्राकर, दिनेश कंवर, टाकेश दीवान, अभिजीत साहू, तीरथ दीवान, सोमेन्द्र दीवान, राजेंद्र कंवर, धन्नू साहू, कान्हा, चिंटू, प्रवीण, विजय, पोखू, गौतम, भोजराज जुटे हुए हैं।

### बच्चों ने बनाये देसी व चाइनीस पकवान



■ सिर्री हाईस्कूल में हुआ आनंद मेला का आयोजन

**सिर्री**। शाउमावि सिर्री में आनंद मेला का आयोजन किया गया। पं. जवाहर लाल नेहरू, भारत माता, सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात आनंद मेला का आयोजन किया गया। छात्रा-छात्राओं द्वारा 10 जगहों पर स्टाल लगाए गए जिसमें वेजपकोड़ा, मैगी, नूडल्स एवं देसी पकवान में मिर्ची भजिया, चाट, भेल एवं तरह तरह के पकवान बनाए गए। सैकड़ों लोगों ने पकवानों का स्वाद चखा। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष सीतेश्वर सिन्हा, प्राचार्य सरोज कुमार साहू, रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता हाईस्कूल सिर्री, सोहेंद्र सिंह गुरुदत्ता, रोहित निर्मलकर, गिरवर साहू, झागेश्वर ध्रुव, नंदू ध्रुवंशी सहित स्कूल स्टाफ, पालकगण एवं छात्रा-छात्राएं उपस्थित थे।

### वाणिज्य के विद्यार्थियों ने राइस मिल का किया भ्रमण



**कुरुद**। शाउमावि चरमुड़िया के विद्यार्थियों को कुरुद स्थित माहेश्वरी राइस मिल का औद्योगिक संगठन विषय पर आधारित बिंदुओं को बारीकी से समझने के लिए वाणिज्य के व्याख्याता नीरज शुक्ला द्वारा भ्रमण कराया गया। माहेश्वरी राइस मिल के ऑनर अजय केला ने राइस मिल की प्रक्रिया, उत्पाद एवं आय के बारे में जानकारी बच्चों को दी एवं औद्योगिक महत्व बताकर स्वयं का व्यवसाय खोलकर स्वावलंबन बनने का गुर भी सिखाया। बच्चों ने काफी उत्साह के साथ राइस मिल के मालिक से औद्योगिक एवं व्यवसाय के बारे में जानकारी ली। यह भ्रमण कार्यक्रम प्राचार्य आरके सिन्हा एवं स्टाफ के निर्देशन में कराया गया।

## एनएसएस शिविर में 78 ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच

■ बीपी, शुगर, खून व आंखों की जांच कर दी गई दवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





शाउमावि कातलबोड़ की रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बारना में आयोजित है। पंचम दिवस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। 78 ग्रामीणों का ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन एवं नेत्र परीक्षण किया गया। रासेयो स्वयंसेवकों की सिकलिन एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण टीम में हीरालाल कुर्रे, आरएमए प्रभारी स्वास्थ्य केंद्र कंडेल गजेंद्र साहू आरएचओ एचडब्ल्यूसी छाती, वीरेंद्र साहू आरएचओ एचडब्ल्यूसी देवरी, तीरथराम साहू आरएचओ एचडब्ल्यूसी बारना, भूपेंद्र साहू नेत्र सहायक अधिकारी पीएचसी कंडेल, ओम चंद्राकर लैब टेक्नीशियन कंडेल, अनीता बासोड़ आरएचओ पीएचसी कंडेल, जयनारायण दीवान ड्रेसर पीएचसी कंडेल ने अपनी सेवाएं दी।

बौद्धिक परिचर्चा के सत्र में पशुधन प्रबंधन, टीकाकरण, बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान के बारे में स्वयंसेवको को बताया व पशु चिकित्सा के उपकरण व उसके उपयोग का प्रदर्शन किया। शिविर के छठवें दिन परियोजना कार्य अंतर्गत मन्दिर देवालय, सार्वजनिक भवनों रंगमंच की सफाई व धुलाई कार्य में श्रमदान किया। बौद्धिक परिचर्चा के सत्र में एनसीसी ऑफिसर 27 बटालियन रायपुर ने व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर गाइडेंस विषय पर स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में पुस्तक को ज्ञान प्राप्ति का सबसे अच्छा साधन बताया। परिचर्चा कार्यक्रम में हाईस्कूल बारना के 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों सहित प्राचार्य श्रीमती टेमिन साहू, रूपचंद साहू, पूनम हिरानी, जया यादव, सुभाष साहू, मुकेश पटेल, तुकेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## निधन

### नरेंद्र साहू



**धमतरी**। शहर के आमापारा बनिया तालाब पार निवासी नरेंद्र साहू 28 वर्ष का सोमवार की रात 9 बजे चारामा से लौटते समय पुरूर के पास सड़क हादसे में आकस्मिक निधन हो गया। वे नल मिस्त्री हेमंत साहू के पुत्र, लखन और केशव साहू के भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा गृह निवास से शांतिघाट के लिए निकली। आमापारा, मकेश्वर वार्डवासियों ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### खोमनराम साहू



**अंवरी**। ग्राम तेलिनसत्ती निवासी खोमनराम साहू उम्र 45 वर्ष का आकस्मिक निधन 26 नवम्बर को हो गया। वे खोमिनबाई के पति एवं तुमेन्द्र साहू, नीलम साहू, चेतना साहू के पिताजी थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनकी अंत्येष्टि में माखनलाल साहू, गणपतराम साहू, खिलावन साहू, अलखराम साहू, दिनेश साहू, खिम्मन, रिखीराम, कृष्णा, तिलोचन, ओमप्रकाश, रिखेश्वर, ऋषिकुमार समेत अन्य शामिल हुए।

### चैनसिंह साहू



**नगरी**। ग्राम सारंगपुरी उमरगांव निवासी चैनसिंह साहू का आकस्मिक निधन हो गया। वे मुरलीधर साहू के पिताजी व पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष सिरसिदा लालसिंह साहू के बड़े भाई थे। अंतिम संस्कार गृहग्राम सारंगपुरी में किया गया।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, बस्तर रोड, मानस डेली नीड्स के सामने, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

## लक्ष्य बनाकर काम करने पर सफलता अवश्य मिलती है : अंबिका

■ राजपुर के एनएसएस शिविर में विधायक हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर राजपुर में 26 नवंबर तक जारी है। पंचम दिवस की मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, जनपद सदस्य हरिविनायक सिन्हा, सरपंच प्रीतबाई कंवर, फूलजी सिन्हा उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, पुरुषोत्तम सिन्हा अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, जयंती साहू, सन्नी मरकाम, बिरझूराम कंवर थे।

इस अवसर पर विधायक ने एनएसएस के उद्देश्य व महत्व की जानकारी देते हुए शिविरार्थियों को एक लक्ष्य बनाने व लक्ष्य की प्राप्ति तक प्रयास करने की प्रेरणा दी। स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करें। बौद्धिक परिचर्चा में लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता सुरेश साहू, ज्ञानदेव साहू, छत्रपाल साहू, पवन निषाद ने वर्तमान दौर में मीडिया के औचित्य व लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ घनश्याम देवांगन, कौशलेश ध्रुव, निरूपा साहू, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमा चंद्राकर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुशीला साहू, दीपक कश्यप, अनीता साहू, सुषमा टंडन, नेहा चंद्राकर, रुद्र सोम, पूनम सिन्हा, भागवतराम उपस्थित थे।

## आमदी कॉलेज में भाषायी सद्भावना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)



■ भारत भाषायी विविधता का देश : जायसवाल

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कौमी एकता सप्ताह अंतर्गत भाषायी सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल ने बताया कि 19 से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाता है। कौमी एकता का मतलब है अनेकता में एकता। कौमी एकता दिवस धर्म निरपेक्षता, अहिंसा, भाषायी सौहार्द्र, कमजोर वर्गों के विकास और खुशहाली, अल्पसंख्यकों के मुद्दों को उजागर करने के लिए आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जन्म जयंती पर कौमी एकता दिवस मनाया जाता है। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि हमारा देश भाषायी विविधता का देश है। उन्होंने देश की सामुदायिक एकता के लिए भाषायी विविधता को अपनाना क्यों महत्वपूर्ण है, इस बात पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, तेजल यादव, गोपाल देवांगन, हेमेंद्र साहू, रमेश सिंह, मन्नूलाल साहू, रासेयो स्वयंसेवक छत्रपाल, साहिल, योगिता, ईशा, कुणाल, संदीप, तुलसी रानी, गजेंद्र उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कोर्रा में एनएसएस शिविर का समापन

# स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी





बाबू पंढरी राव कृदत्त शासकीय महाविद्यालय सिलौटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर कोर्रा में हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शिविर का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अति सरपंच चोवाराम साहू, विशिष्ट अतिथि सिलौटी महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भीमदेव साहू तथा विशेष अतिथि समाजसेवी दुलार सिन्हा एवं लतखोर यादव थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. भावना कमाने ने की। मुख्य अतिथि चोवाराम साहू ने कहा कि यह शिविर स्वयंसेवकों के साहस और कर्तव्य निष्ठा को चरितार्थ करता है। स्वयंसेवक स्वच्छता की अलख जगाने में सफल रहे। निरंजन साहू एनएसएस जिला संयोजक ने भी अपने विचार रखे।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हितेश कुमार नेताम ने बताया कि स्वयंसेवकों ने ग्राम कोर्रा में स्वच्छता अभियान चलाया तथा ध्यान एवं योग सत्र, स्वास्थ्य शिविर एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया, जिसका लाभ ग्रामवासियों को प्राप्त हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. भावना कमाने ने कहा कि जिस उद्देश्य के लिए शिविर ग्राम कोर्रा में लगाया गया था। स्वयंसेवकों ने उस उद्देश्य को बखूबी पूर्ण करते हुए युवा शक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ. शिवेन्द्र बहादुर ने किया। मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अश्वनी ध्रुव, भरतलाल यादव, ओमप्रकाश साहू, भावना दीवान, त्रिभुवन साहू, राकेश कौशिक, डॉ. दानेश्वर वर्मा, डॉ. संदीप साहू, पवन साकेत एवं बी. पद्मराज क्यूट समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## तीन जिले की 200 छात्राएं पर्वतारोहण के लिए सिहावा पहुंची




हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सरस्वती शिशु मंदिर के तीन जिलों धमतरी, गरियाबंद, महासमुन्द की 200 छात्राएं बालिका शिक्षा शिविर एवं पर्वतारोहण हेतु नगरी पहुंची। श्रृंगी ऋषि उमा विद्यालय नगरी में बौद्धिक वर्ग के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिनेश्वरी नेताम जनपद अध्यक्ष नगरी, विशेष अतिथि महेन्द्र नेताम सरपंच एवं अध्यक्ष स्काउट्स एवं गाइड्स संघ नगरी, सुरेश साहू अध्यक्ष, चेलेश्वरी साहू उपाध्यक्ष शिशु मंदिर पालक समिति, जीवन नाहटा शिशु मंदिर शिक्षण समिति, आरके चंद्रा प्राचार्य सिंगपुर थे। सभी छात्राएं श्रृंगी ऋषि दर्शन, पर्वतारोहण, महानदी, सप्तऋषि क्षेत्र भ्रमण दर्शन हेतु सिहावा पहुंची। दिनेश्वरी नेताम ने छात्राओं से कहा कि आज बेटियां किसी भी मामले में बेटों से कम नहीं है। संस्कार, शिक्षा हेतु सरस्वती शिशु मंदिर की पहचान है। जीवन नाहटा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पर तीनों जिलों की छात्राएं, आचार्यगण व प्राचार्य पीके साहू सहित सरस्वती शिशु मंदिर नगरी के विद्यालय परिवार उपस्थित थे।


## अंचल की खबरें

### संस्कृत भारती के कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



**धमतरी।** बाल्य काल में माता की गोद में बैठकर लोगों ने मातृभाषा का ज्ञान प्राप्त किया है। इसी प्रकार संस्कृत सम्भाषण से हम सभी संस्कृत का अध्ययन कर सकते हैं। बोलने से भाषा शीघ्रता से सीखी जा सकती है। इसी परिप्रेक्ष्य में संस्कृत भारती द्वारा संस्कृत का सम्भाषण शिविर और बाल केन्द्र चलाया जा रहा है जिनका मार्गदर्शन करने के लिए डॉ. दिव्या देशपाण्डे दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव से पहुंची। संस्कृत भारती के धमतरी जनपद के कार्यकर्ताओं द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है। यह जानकारी कुशल राम साहू धमतरी प्रमुख ने दी है।

### बुधारूराम बने कोड़ेबोड़ सोसाइटी के प्राधिकृत अधिकारी



**सिर्री।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोड़ेबोड़ में बुधारूराम साहू को प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया। मौके पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष कमलनारायण साहू, समिति प्रबंधक रोहित साहू, लेखापाल कमल सिन्हा, आपरेटर महादेव साहू, लिपिक चैनसिंह नेताम, दानवीर पटेल, महेन्द्र पटेल, नारदराम रात्रे, नंदकुमार साहू, कृषक टीकाराम कंडरा, सेवकराम साहू, लतखोर साहू समेत सैकड़ों किसान मौजूद थे।

### तुमड़ीबहार में संविधान दिवस मनाया गया



**नगरी।** अमृत सरोवर तालाब तुमड़ीबहार में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र की पूजा कर संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उमेशदेव जनपद सदस्य नगरी, मेट संघ प्रदेश अध्यक्ष डीके यादव, मनरेगा मेट आसकरण नाग, महेश मरई, रोजगार सहायक विशाल मरकाम, जीवन ठाकुर थे। इस अवसर पर डीके यादव ने कहा कि भारत का संविधान देश की एकता और अखंडता को संजोये हुआ है। मौके पर पंचायत पदाधिकारी, महिला स्वसहयता समूह एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

### बाजारकुर्रीडीह स्कूल में संविधान दिवस मना



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में संविधान दिवस मनाया गया। विद्यालय के व्याख्याता डॉ. आशीष नायक ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया था। इस दिन को हम संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। विद्यार्थियों को संविधान से परिचित कराने एवं उन्हें अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव ने भी विद्यार्थियों को गौरवशाली संविधान के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में कमलेश निषाद, शिवकुमारी नेताम, भावना रामटेके, खेमलता, भागीरथी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### नरेंद्र बूथ अध्यक्ष चुने गए



**धमतरी।** मां कालिका शक्ति केंद्र के बूथ स्तरीय संगठन विस्तार पर बैठक मकेश्वर वार्ड बूथ क्रमांक 130 में हुई। चुनाव प्रभारी दिलीप पटेल ने कहा कि भाजपा का संगठन चुनाव जोरों पर है। आज भाजपा संगठन एक बड़ी शक्ति बनकर विश्व पटल पर स्थापित है। पीएम मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बन रही है। ये राष्ट्रवादियों की जीत है। सर्व सम्मति से नरेंद्र नगारची को बूथ अध्यक्ष चुना गया। बैठक में पार्षद प्रकाश सिन्हा, सहसंयोजक जितेंद्र साहू, रीना सोनवानी, पवन सेन, देवराज पटेल, राम राजपूत, संतोष सोनवानी, सूरज पटेल समेत बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजद रहीं।

बच्चों का सुनहरा भविष्य गढ़ने में शिक्षकों की बड़ी भागीदारी होती है : नम्रता गांधी

# नई पीढ़ी को बेहतर दिशा देने में शिक्षकों की है अहम भूमिका : रंजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजनान्तर्गत हरदिहा साहू समाज भवन में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में विकासखण्ड स्तर पर चयनित शिक्षकों का शिक्षादूत- ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि दुनिया में जितने भी काम हैं, उनमें से सबसे चुनौतियों से भरा काम है शिक्षकों का। विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हैं और देश का भविष्य गढ़ते हैं। गुरू और भगवान में सबसे पहले गुरू को प्रणाम करना चाहिए, क्योंकि गुरू ही गोविंद के पास पहुंचने का रास्ता बताते हैं। कलेक्टर नम्रता गांधी ने कहा कि शिक्षकों की कार्यशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजनान्तर्गत शिक्षकों को शिक्षादूत- ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों का सुनहरा भविष्य गढ़ने में शिक्षकों की बहुत बड़ी भागीदारी होती है।

गौरतलब है कि जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से 3-3 शिक्षक कुल 12 शिक्षकों को श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं 5 हजार रूपये नकद से पुरस्कृत किया गया। इसी तरह मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजनान्तर्गत जिला स्तर पर चयनित ज्ञानदीप पुरस्कार के लिए तीन शिक्षकों को श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं 7 हजार रूपये नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

शिक्षादूत पुरस्कार से धमतरी विकासखण्ड की सहायक शिक्षक श्रीमती अमिता साहू, श्रीमती शारदा साहू, श्रीमती सलिन्दी साहू, कुरूद विकासखण्ड की श्रीमती यशोदा गिलहरे, श्रीमती अनीता साहू, श्रीमती सीता साहू, मगरलोड विकासखण्ड के जितेन्द्र पॉल, गजानंद साहू, संतोष साहू तथा नगरी विकासखण्ड के पीलूराम निषाद, तोपेन्द्र साहू और हरिश्चन्द्र कश्यप का सम्मान किया गया। जिला स्तर पर चयनित ज्ञानदीप पुरस्कार से धमतरी के शिक्षक एलबी श्रीमती उज्वला साहू, कुरूद के खिलावनराम साहू और मगरलोड के श टिकेश्वर यादव का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने प्रतिवेदन पठन किया।

## बहन, भांजे ने दलाल से मिलकर बेची जमीन, न्याय की तलाश में भटक रहे भाई

- भाइयों को नहीं दी गई सूचना, बिना उपस्थिति और हस्ताक्षर के हो गई रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



**नामांतरण पर रोक लगाई गई**

किसान दिनेश राव शिंदे और किशोर शिंदे का कहना है कि खाता विभाजन के दौरान भी हमें कोई सूचना नहीं दी गई। हम दोनों भाइयों की उपस्थिति एवं हस्ताक्षर के बिना ही जमीन रजिस्ट्री की कर दी गई। जब हमें सूचना मिली तब हमारे द्वारा नामांतरण पर रोक लगाई गई।

कुरूद क्षेत्र के ग्राम थुहा निवासी दिनेश राव शिंदे ने जमीन धोखाधड़ी को लेकर कलेक्टर से शिकायत की है। उसकी बहन व भांजे ने धोखाधड़ी की है। ऋण पुस्तिका क्रमांक 511253 में खसरा नंबर 647/1, 680/2, 681/2, रकबा क्रमांक 1.36, 0.02, 0.02, कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 1.40 हे. राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज चली आ रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि पैतृक संपत्ति उसके दोनों भाई दिनेश शिंदे और किशोर शिंदे के साथ ही दो बहनों के नाम पर थी। एक बहन की मृत्यु होने पर उसके पुत्र को बंटवारे में जमीन दे दी गई। दोनों भाइयों के नाम पर डेढ़- डेढ़ एकड़ जमीन एवं दोनों बहनों के नाम पर 50-50 डिसमिल जमीन दी गई थी। चूंकि रिकॉर्ड सुधार नहीं हुआ था जिसका फायदा उठाकर खाता विभाजन के दौरान दोनों भाइयों को कोई सूचना नहीं दी गई। जिस दिन जमीन बहनों के नाम पर ट्रांसफर हो गई, उसी दिन भाइयों को सूचना दी गई। 6 मार्च 2023 और 7 मार्च 2023 को थुहा के जमीन दलाल के माध्यम से दूसरे को जमीन बेच दिया गया। उन्होंने बताया कि जमीन की रजिस्ट्री की जानकारी होने पर कलेक्टर कोर्ट में आपत्ति दर्ज कराई गई। नामांतरण पर रोक लगा हुआ है। दिनेश राव शिंदे और किशोर शिंदे का कहना है कि हमें पैतृक जमीन वापस दिलाई जाए तथा कागजात तैयार करने वाले तहसीलदार, पटवारी, जमीन दलाल के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## रासेयो स्वयंसेवकों ने शिविर में किया योगाभ्यास

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में यशवंत राव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा माय भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता थीम पर संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस की शुरुआत प्रभातफेरी से की गई। दयाराम साहू व्याख्याता ने कपालभाति, भ्रामरी, शेर गर्जना एवं विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास कराया एवं योग का महत्व बताया। बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि पीतांबर सिन्हा, कार्यक्रम अधिकारी शा.महा.कंडेल ने स्वयंसेवकों को माय भारत के लिए युवा तथा डिजिटल साक्षरता के महत्व को प्रतिपादित करते हुए आगे बढ़ने एवं व्यक्तित्व विकास के लिए एक लक्ष्य बनाकर संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया ताकि प्रत्येक विपरीत परिस्थिति का आसानी से सामना करते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सके।

## रासेयो शिविर व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला : सुरेश




हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

यशवंतराव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय द्वारा ग्राम राजपुर में 7 दिवसीय रासेयो शिविर का आयोजन किया गया है। बौद्धिक परिचर्चा में लोकतंत्र में पत्रकारिता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

बौद्धिक परिचर्चा के मुख्य अतिथि पत्रकार सुरेश साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला है। शिविर के माध्यम से निस्वार्थ भाव से सेवा करने का आत्मबल मिलता है। छत्रपाल साहू ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता जगत का बहुत महत्व है। शासन प्रशासन की जनकल्याणकारी महत्वाकांक्षी योजना को आम जनता तक आसानी से पहुंचाया जाता है। जनता की आवाज बनाकर शासन - प्रशासन तक पहुंचाने का लोकप्रिय साधन है। पत्रकारिता को शासन-प्रशासन का चौथा स्तंभ कहा जाता है। कार्यक्रम में ज्ञानदेव साहू, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमादेवी चंद्राकर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी निरूपा साहू, दीपक कश्यप, हामेश साहू, लोकेश्वरी सिन्हा सहित छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ. सुशीला साहू ने किया।

## आज से एक थाली-एक थैला संग्रहण अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है। 45 दिनों में अनुमानित 40 करोड़ श्रद्धालु सम्मिलित होने वाले हैं। महाकुंभ में कुल 40,000 टन कचरा उत्सर्जित होने का अनुमान है। हमारा प्रयास है कि महाकुंभ पर्यावरण अनुकूल बने, प्रदूषण और पॉलिथीन मुक्त, हरित कुंभ बने। हर घर से एक थाली-एक थैला संग्रहित कर प्रयागराज के तीर्थ यात्रियों तक पहुंचाया जाए। इसी तारतम्य में पर्यावरण सरंक्षण गतिविधि धमतरी द्वारा एक थाली एक थैला संग्रहण की योजना पर मां तुलजा भवानी मंदिर परिसर में बैठक रखी गई। नगर के प्रत्येक वार्ड में अभियान चलाने का निर्णय हुआ।

आज 27 नवंबर बुधवार को मां विंध्यवासिनी मंदिर से घड़ी चौक तक शाम 4 बजे अभियान का शुभारंभ होगा। बैठक में घनश्याम साहू, मोहन साहू, भेदू साहू, गौरव मगर, विजय ठाकुर, शिवाजी साहू कोमल सर्वा, शैलेश चंद्राकर, राजू सोनकर, हरिवंश साहू, दीनबंधु सिन्हा, वेदप्रकाश भोंसले, राजू महाराज, लक्खू भानुशाली, अनूप मिश्रा, राकेश लोहाना विज्यंत रणसिंग,चेतना रणसिंग, लीना सिन्हा, सीमा चौबे, ममता पवार उपस्थित थे। यह जानकारी नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट ने दी है।

### निगम में नए उपकरणों को दिखाई गई हरी झंडी

## स्वच्छता को मिला नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नगर निगम धमतरी में स्वच्छता कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए नए उपकरणों को हरी झंडी दिखाई गई। इसमें एक जेसीबी और हाथ ठेलों को शामिल किया गया है। इन उपकरणों को प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, आयुक्त प्रिया गोयल और नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर को स्वच्छ और साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नए उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। जेसीबी मशीन जहां बड़े पैमाने पर कचरे और मलबे के निस्तारण में सहायक होगी, वहीं हाथ ठेले गली-मोहल्लों में सफाई कर्मचारियों के कार्य को सरल बनाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि स्वच्छता अभियान में उपकरणों का महत्व अत्यधिक है। इससे न केवल सफाई व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि कर्मचारियों की कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी। नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि स्वच्छता शहर की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नए उपकरणों की मदद से नगर निगम स्वच्छता के लक्ष्यों को अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करेगा।

नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने कहा कि स्वच्छता अभियान में नई तकनीकों और उपकरणों का जुड़ना स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने नगर निगम को इस दिशा में और अधिक प्रयास करने की सलाह दी। इस दौरान एमआईसी सदस्य अवैश हाशमी, पार्षद अज्जू देशलहरे, मिथिलेश सिन्हा, हेमंत बंजारे, श्याम लाल नेताम, बिशन निषाद ,धमतरी मंडल अध्यक्ष विजय साहू समेत बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

### छात्रों को बताया स्वच्छता का महत्व

**बोरसी(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में विश्व शौचालय दिवस एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता प्रभारी लोकेश्वरी सोन एवं संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में हाथ धुलाई, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, रैली, स्वच्छता स्लोगन, ग्रीटिंग कार्ड, पोस्टर बैनर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें स्कूल के चारों हाऊस के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आरके बघेल थे।

## विद्युत लाइन के नीचे धान की मिंजाई न करें

**कुरुद संभाग के कार्यपालन अभियंता ने किसानों से की अपील**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद संभाग के कार्यपालन अभियंता संचालन, संधारण जीके बंजारे ने विद्युत सुरक्षा को लेकर लोगों से आग्रह किया है कि वे किसी भी विद्युत लाइन के नीचे या उसके पास धान की मिंजाई, पैरा न जलाएं। इससे विद्युत लाइन में फॉल्ट्स उत्पन्न हो सकते हैं और गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है।

श्री बंजारे ने कहा कि वर्तमान में विद्युत लाइन के नीचे और आस-पास धान की मिंजाई करने से विद्युत लाइन में समस्या उत्पन्न हो रही है। परिणामस्वरूप फॉल्ट्स की संभावना बढ़ रही है। इससे न केवल विद्युत व्यवस्था प्रभावित होती है बल्कि इससे जुड़ी दुर्घटना का खतरा भी उत्पन्न होता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी हालत में विद्युत लाइन के नीचे या आसपास धान की मिंजाई न करें और न ही दूसरों को ऐसा करने दें।

श्री बंजारे ने आगे कहा कि यदि किसी भी नागरिक को किसी विद्युत लाइन में पैरा जलते हुए दिखाई दें तो वह तुरंत उस घटना की फोटो लेकर संबंधित अधिकारी या मुख्यालय के लाइनमेन को सूचित करें। समय पर सूचना देने से न केवल विद्युत लाइन में सुधार किया जा सकता है, बल्कि इससे बड़े हादसों की रोकथाम भी की जा सकती है। श्री बंजारे ने कहा कि यह अपील सिर्फ प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के हर नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 Years of Trust | 130+ Experience Centres Pan India
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाएं जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400


विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

शहर के 500 मीटर का दायरा प्रदूषित, धुएं से लोग हलाकान, कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा बढ़ी

# खईया में लगी आग अब तक नहीं बुझी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी




शहर के कचहरी चौक के समीप नागरिक सहकारी बैंक के पीछे स्थित खईया में पिछले 10 दिनों से आग लगी हुई है। अवैध कचरा और डंप किए झिल्ली पॉलीथिन का कार्बन मोनोऑक्साइड नामक जहरीला धुआं 500 मीटर के दायरे को प्रदूषित कर दिया है। इससे लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया है। धुएं के कारण पूरा वातावरण प्रदूषित हो गया है जो सेहत पर बुरा असर डाल रहा है। जानकारी के मुताबिक यहां प्रदूषण का स्तर 600 पीपीबी तक पहुंच गया है जिसका इंडेक्स 50 पीपीबी तक सही माना गया है। इससे ऊपर की मात्रा मानव सेहत के लिए हानिकारक है।

आसपास के रहवासी संजय यादव, सुनील साहू, भोला सोनी, बबलू राव, संजय ध्रुव, भारत लाल निषाद, मुकेश राव कृदत्त ने बताया कि पिछले 10 दिनों से लगी आग को 5 बार बुझाने की कोशिश की गई। निगम ने कई टैक्टर पानी लाकर आग को बुझाया। मुरूम मिट्टी भी डाली गई लेकिन आग 12 घंटे के बाद फिर धधक उठती है और जहरीली गैस छोड़ रही है। प्लास्टिक की गंध पूरे इलाके में फैली हुई है। 24 घंटे वातावरण धुआं-धुआं सा रहता है। धुएं के कारण पूरा इलाका डेंजरस हो गया है। यह इलाका व्यस्त क्षेत्र में आता है। आसपास दुकानों के अलावा कचहरी आफिस, पुलिस थाना, पोस्ट आफिस, दूरसंचार विभाग, स्कूल, निगम आफिस, राजस्व आफिस, कांग्रेस कार्यालय, धरना स्थल, मिनी चौपाटी है जिसके कारण यहां हजारों लोगों का आना-जाना रहता है। उनकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। आग लगने से जहरीली गैस कार्बन मोनोऑक्साइड उत्सर्जित हो रही है जो फेफड़ा, लीवर, तंत्रिका तंत्र के लिए खतरनाक है। नागरिकों ने नगर निगम से जल्द आग बुझाने, डंप किए कचरे को हटाने की मांग की है।

# किसानों की बेहतरी के लिए काम करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



■ कण्डेल सोसाइटी के अध्यक्ष बने यतीश भूषण

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कण्डेल के प्राधिकृत अध्यक्ष यतीश भूषण श्रीवास्तव ने शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू रोहरा प्रदेश महामंत्री भाजपा, हेमंत चंद्राकर अध्यक्ष भोथली मण्डल भाजपा, प्रीतम साहू महामंत्री भोथली मण्डल, जनपद सदस्य द्वय रामाधार साहू, पूर्णिमा बनपेला, चेतन यदु सरपंच देवपुर, कृपाराम साहू पूर्व सरपंच पीपरछेड़ी थे। इस अवसर पर श्री श्रीवास्तव अपने मनोनयन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, संगठन महामंत्री रामू रोहरा, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस एवं भोथली मण्डल पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए किसानों की बेहतरी के लिए प्रयास करने की बात कही। मंडल अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने धान विक्रय केन्द्र में बेहतर सुविधा के लिये सुझाव एवं सहयोग का आश्वासन दिया।

श्री रोहरा ने कहा कि भारत वर्ष में सबसे अधिक धान की कीमत छग में भाजपा सरकार दे रही है। समिति के व्यवस्थापक प्रेमू निर्मलकर ने आभार व्यक्त किया। संचालन मनोज साहू ने किया। मौके पर कामता मछेन्द्र, वेदव्यास साहू, रविकांत साहू, गिरीश साहू, संतु साहू, खेदू साहू, शिक्षक श्रीराम साहू, हेमू साहू, बिसंभर साहू, गिरधर सार्वा, शिक्षक योगेश्वर साहू, अश्वनी साहू, भगवानदीन मछेन्द्र, बालाराम यादव, नारायण साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## झाझरकेरा में रासेयो शिविर का आयोजन

मगरलोड। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 23 से 29 नवंबर तक ग्राम झाझरकेरा में आयोजित किया गया है। यूथ फॉर माय भारत यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी थीम को लेकर शिविर का आगाज किया गया। कार्यक्रम अधिकारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# 30 नवंबर तक विद्युत समस्या निवारण शिविर

■ आज लगेगा बाजारकुरींडीह व देमार में शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

धमतरी संभाग के विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली बिल, मीटर वाचन पुनरीक्षण, नया कनेक्शन, विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु 30 नवंबर तक विद्युत समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 25 नवंबर को कुकरेल, संबलपुर, छाती, सांकरा (नगरी) एवं गट्टासिल्ली में, 26 नवंबर को पावर हाउस धमतरी जोन, भटगांव, आमदी में, 27 नवंबर को बाजार कुरीडीह एवं देमार में, 28 नवंबर को सलोनी, सिलौटी, सिहावा एवं बेलरगांव में, 29 नवंबर को धमतरी जोन, कोलियारी, खरेंगा, अमाली, डोंगरडुला, घटुला, तुमड़ीबहार, बोराई एवं दुगली में एवं 30 नवंबर को केरेगांव में विद्युत समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।

धमतरी संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी ने धमतरी संभाग के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि शिविर में उपस्थित होकर विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण करायें। उन्होंने बताया कि अंतिम तिथि तक बिल का भुगतान नहीं करने पर बिजली बिल हाफ योजना का लाभ प्राप्त नहीं होगा।

## कालेज में हुआ जुम्बा डांस का आयोजन

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रसायनशास्त्र विभाग द्वारा फिट फ्यूजन कार्यक्रम अंतर्गत जुम्बा डांस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थी अपर्णा शर्मा, भावना, चुनेश्वरी तथा हेमचरण ने जुम्बा डांस प्रशिक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाई। ज्ञात हो कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बेस्ट प्रेक्टिसेस अन्तर्गत फिट फ्यूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के 58 स्टाफ एवं 210 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. विनोद पाठक ने फिट फ्यूजन कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक अमित साहू, डॉ. राकेश साहू एवं आकांक्षा मरकाम ने किया।

# साय सरकार किसान हितैषी : डीपेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

■ साकेत साहू डाही सोसाइटी के अध्यक्ष बने

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति डाही के साकेत कुमार साहू प्राधिकृत अधिकारी बनाए गए। मुख्य अतिथि डीपेंद्र साहू एवं विशेष अतिथि भगत यादव थे। अध्यक्षता साकेत कुमार साहू ने की। मुख्य अतिथि डीपेंद्र साहू ने साकेत को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि श्री साहू ने किसानों एवं समिति कर्मचारियों के साथ सामंजस्य बनाकर धान खरीदी को सुचारू रूप से संचालन करने का निर्देश दिया। टोकन व्यवस्था की सराहना की। किसानों से अधिक से अधिक मोबाइल ऐप से अपना टोकन जारी करने का निवेदन किया। आगे कहा कि साय सरकार किसान हितैषी है। निरंतर किसानों को सुविधाएं दे रही है। भगत यादव ने किसान हित में कार्य करने तथा प्रबंधन समिति के साथ समन्वय बनाकर अधिक से अधिक किसानों को सुविधाएं प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर समिति प्रबंधक गजाधर पटेल, लेखापाल बलराम साहू, ऑपरेटर अभिलाष कश्यप, कोमल पटेल, किशन पटेल, ओमेश्वरी साहू, शंभूराम चंद्राकर, रामस्वरूप कश्यप, मंशाराम साहू, भीमसेन साहू, महेंद्र साहू, मोहन साहू, टेकराम कश्यप, अभयराम साहू, चित्रसेन साहू, देवेंद्र नेताम सहित क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

# बच्चे की छाती से 900 एमएल मवाद निकाला, स्वस्थ होकर लौटा घर

■ श्री गोपाला अस्पताल में डॉक्टरों ने इंपाईमा का किया सफल इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



शहर के नर्सिंग होम गोपाला अस्पताल में भर्ती 5 साल के बालक का यहां के डॉक्टरों ने जटिल बीमारी इंपाईमा का सफल इलाज किया। 20 दिन के इलाज के बाद अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ होकर घर चला गया।

गोपाला अस्पताल के डायरेक्टर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सीएल साहू ने हरिभूमि को बताया कि उनके नर्सिंग होम में 18 अक्टूबर को लड़ेर (मगरलोड) निवासी कनिष्क कुमार साहू उम्र 5 वर्ष पिता खूबलाल साहू इलाज कराने पहुंचा। बीमारी की जटिलता को देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। जांच में पता चला कि मरीज के दायें फेफड़े में इंफेक्शन था। सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। दांये फेफड़े में हवा नहीं भर पा रही थी। मरीज को तेज खांसी और बुखार भी था। विभिन्न टेस्ट और एक्स-रे सोनोग्राफी से पता चला कि दांये फेफड़े में मवाद भर गया था। एसएमसी अस्पताल के डॉक्टर प्रदीप साहू ने फेफड़े के पास चेस्ट में ट्यूब डालकर मवाद को धीरे-धीरे बाहर निकाला। यह प्रक्रिया सप्ताह भर चली। मरीज कनिष्क की छाती से 900 मिलीलीटर मवाद निकाला गया। सात दिन के बाद फेफड़े से मवाद पूरी तरह निकल गया। मवाद निकलते ही बच्चा स्वस्थ होने लगा। सर्दी, खांसी, बुखार भी दूर हो गया। अस्पताल में भर्ती कनिष्क को विभिन्न जीवन रक्षक दवाइयां दी गई। स्वस्थ होने पर उन्हें 12 नवम्बर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। वे अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। इलाज के दौरान मरीज का खून 6 ग्राम था। उसे तीन बॉटल रक्त चढ़ाया गया।

डॉ. श्री साहू ने बताया कि इंपाईमा एक ऐसी बीमारी है जिससे मरीज का फेफड़ा पूरी तरह से काम करना बंद कर देता है। मरीज ऑक्सीजन भी नहीं ले पाता। यह बीमारी तीसरा स्टेज में आता है। मरीज को अगर सर्दी, खांसी की बीमारी का इलाज नहीं मिल पाता तो वे निमोनिया से ग्रसित हो जाते हैं। निमोनिया का ठीक से इलाज नहीं होने पर फेफड़े में मवाद भर जाता है। इसे मेडिकल भाषा में इंपाईमा कहते हैं। इस बीमारी का सफल इलाज उनके अस्पताल में हुआ है।

# साय सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को किया कमजोर : नीशु

■ जिपं उपाध्यक्ष ने पुरी में 40 लाख के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



ग्राम पुरी में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने किया। अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य विजय गायकवाड़, सुखदेव नेताम, पुनऊराम निर्मलकर, राहुल बख्तानी, ललित यादव, चमनलाल साहू, उपसरपंच पुष्पेन्द्र साहू थे। सरपंच प्रतिनिधि सुखदेव नेताम ने कहा कि यह पुरी एवं आश्रित ग्राम काशीपुरी की बहुप्रतीक्षित मांग थी। श्री चन्द्राकर के प्रयास से मांग पूरी हुई। मुख्य अतिथि नीशु चन्द्राकर ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया।

हर पंचायत में गौठान का निर्माण कर पशु धन के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ पशुपालकों एवं स्वसहायता समूह की महिला सदस्यों को रोजगार देने का महत्वपूर्ण कार्य किया लेकिन आज भाजपा की साय सरकार ने राजनीतिक द्वेषवश के कारण इस योजना को बंद कर दिया है। पशुपालक परिवार एवं स्व-सहायता समूह के हाथों से रोजगार छीनने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कमजोर करने एवं गौठान में लगी सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने का कार्य किया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम साहू ने बताया कि जिपं सदस्य द्वारा विभिन्न गांव में अनेक विकास कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है।

जनपद सदस्य विजय गायकवाड़ ने कहा कि श्री चन्द्राकर ने एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि होने का प्रमाण प्रस्तुत किया है। इस दौरान गोकुल साहू, राधेश्याम अवस्थी, सोहन निर्मलकर, टीकाराम निर्मलकर, चरण ध्रुव, इंदिराबाई देवदास, सरिता साहू, राधाबाई समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ये हुए निर्माण कार्य

सीसी रोड टीकाराम निर्मलकर घर से फत्तेलाल के घर की ओर 4 लाख रुपये, सीसी रोड निर्माण अशोक यादव घर से हनुमान मंदिर की ओर तालाब पार कांशीपुरी3.50 लाख, रंगमंच मेला प्रांगण 1.50 लाख, पक्की नाली डेरहीन घर से हीरालाल घर की ओर 2 लाख, शीतला मंदिर जीर्णोद्धार कार्य कांशीपुरी 5 लाख, चलित ट्रेक्टर पानी टंकी लागत 2.50 लाख, गौठान में शेड निर्माण कार्य 50 हजार, अतिरिक्त कक्ष प्राथमिक स्कूल पुरी 10 लाख, रंगमंच निर्माण कार्य पंचायत भवन के पास 1.72 लाख, नाली निर्माण कार्य बलराम घर से चोवा घर की ओर 1.80 लाख, देवगुड़ा निर्माण कार्य वार्ड 5 में 50 हजार, पेयजल व्यवस्था कांशीपुरी में 80 हजार के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण हुआ।

## गट्टासिल्ली के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**नगरी।** गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल गट्टासिल्ली के संचालक आकाश नेताम के मार्गदर्शन में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण एवं पिकनिक का आनंद लिया फरसियां में मां महामाई की पूजा-अर्चना कर विभिन्न खेलकूद का आनंद लिया। क्रिकेट, पिट्ठुल, रस्साकसी जैसे खेलों का रोमांच रहा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांघा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
NABH
SHREE RAM MULTISPECIALITY HOSPITAL
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के
कैंसर एवं रक्त रोग विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
अब हर महीने के चौथे गुरुवार को धमतरी के श्री राम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
दिनांक : 28 नवम्बर 2024 | समय : शाम 3 बजे से 4 बजे तक
विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं
डॉ. दिब्येंदु डे
वरिष्ठ सलाहकार - हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ऑन्कोलॉजी और बीएमटी
एमडी (जनरल मेडिसिन), डीएम (क्लिनिकल हेमेटोलॉजी)
85 से अधिक सफल बोन मेरो ट्रांसप्लांट
क्या इनमें से कोई भी लक्षण आपको चिंतित कर रहे हैं?
• खून की कमी
• सिकल सेल एनीमिया
• मुँह में अल्सर या गले में गांठ
• मल या मूत्र विसर्जन की आदतों में परिवर्तन
• वजन में अनापेक्षित बदलाव
• लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ
• थकान
• निगलने में कठिनाई
• स्वर बैठना या आवाज में बदलाव
• रक्तस्त्राव या चोट ना भरना
• रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना
यह कैंसर के लक्षण हो सकते हैं।
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
74711 30319, 82828 24444, 76978 22888
ATUL